भारतीय गैर न्यायिक

एक सौ रुपये Rs. 100

रु. 100 ONE HUNDRED RUPEES

सत्यमेव जयते

भारत INDIA NON JUDICIAL

NOTARIAL NOTARIAL

वरिष्ठ कोषाधिकारी 05 AUG 2023 गाजीपुर

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH GE 805793

Serial No. 1420
Date 30-8-23

NOTARY Teh. H.Q. Saidpur GHAZIPUR U.P.

(प्रारुक "अ")

सत्र 2023–24 में नवस्थापित की जाने वाली डिप्लोमा इन फार्मेसी संस्थाओं की सोसाइटी/ट्रस्ट के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष द्वारा प्रस्तुत किये जाने जाने वाले नोटरी शपथ–पत्र का प्रारुप :–

हम **मूलचन्द सिंह यादव** अध्यक्ष एवं **उदयनाथ यादव** उपाध्यक्ष क्रमशः अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष **राधाकृष्ण बालिका शिक्षण संस्थान, कनौली, होलीपुर, गाजीपुर** शपथपूर्वक निम्नवत् बयान करते हैं :–

1. यह कि हमारी सोसाइटी/ट्रस्ट द्वारा **राधाकृष्ण कालेज ऑफ फार्मेसी कनौली, होलीपुर, सैदपुर, गाजीपुर** नामक डिप्लोमा स्तरीय तकनीकी शिक्षण संस्थान की स्थापना सत्र 2023–24 से किया जाना प्रस्तावित है।
2. यह कि हमारी सोसाइटी/ट्रस्ट द्वारा **कनौली, होलीपुर** में गाटा संख्या 340सं0, 292, 293, 297, 158सं0, सं0224, 271क व 276 ख रकबा 0.8600 हेक्टेयर (कुल रकबा 0.8600 हेक्टेयर) भूमि है।
3. यह कि उपरोक्त भूमि पर किसी प्रकार का कोई भी वाद किसी भी न्यायालय में नहीं चल रहा है, और भूमि विवाद रहित है।
4. यह कि उपरोक्त पते पर सोसाइटी के नाम उपलब्ध भूमि के गाटा संख्या 340सं0, 292, 293, 297, 158सं0, सं0224, 271क व 276 ख रकबा 0.8600 हेक्टेयर (कुल रकबा 0.8600 हेक्टेयर) पर उपरोक्त नाम की डिप्लोमा इन फार्मेसी संस्थान की स्थापना किये जाने का प्रस्ताव सोसाइटी/ट्रस्ट की बैठक दिनांक **01.12.2020** द्वारा पारित किया गया है।

NOTARY PHEKAN RAM Advocate Notary Tehsil H.Q. Saidpur Distt. Ghazipur (U.P.) Regd. No. GOVT. OF U.P.

क्रमशः पृष्ठ..........2/पर

5. यह कि उपरोक्त भूमि पर ही प्रश्नगत डिप्लोमा स्तरीय तकनीकी शिक्षण संस्थान के संचालन हेतु भवनों का निर्माण अनुमोदित नक्शे के अनुसार किया गया है।
6. यह कि निरीक्षण समिति के समक्ष उपरोक्त पते पर सोसाइटी/ट्रस्ट के नाम भूमि एवं उस पर निर्मित एवं निर्धारित भवनों को ही निरीक्षण समिति के समक्ष निरीक्षण हेतु प्रस्तुत किया गया है
7. यह कि इस भूमि एवं इस पर निर्मित भवनों पर फार्मेसी काउन्सिल ऑफ इण्डिया, नई दिल्ली के नियमों के अन्तर्गत ही डिप्लोमा फार्मेसी संस्थान का ही संचालन किया जायेगा।
8. यह कि इस संस्था में फार्मेसी काउन्सिल ऑफ इण्डिया, नई दिल्ली द्वारा अनुमोदित एवं प्राविधिक शिक्षा परिषद से सम्बद्ध पाठ्यक्रमों एवं प्रवेश क्षमता के अनुसार ही पाठ्यक्रमों में प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा।
9. यह कि उपरोक्त भूमि व इस पर निर्मित भवनों में फार्मेसी काउन्सिल ऑफ इण्डिया, नई दिल्ली से एवं प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0 लखनऊ से सम्बद्ध संस्था एवं पाठ्यक्रमों के अतिरिक्त किसी अन्य परिषद/विश्वविद्यालय द्वारा अनुमोदित/सम्बद्ध कोई अन्य संस्थान/विद्यालय/महाविद्यालय/आई0टी0आई आदि का संचालन न तो पूर्व में कभी किया गया है, और न ही भविष्य में कभी किया जायेगा।
10. यह कि संस्थान के संचालन हेतु आवश्यक क्लास रुम, प्रयोगशालाओं एवं कार्यशालाओं आदि को फार्मेसी काउन्सिल ऑफ इण्डिया, नई दिल्ली एवं प्राविधिक शिक्षा परिषद के मानकों के अनुसार ही सुसज्जित किया जायेगा।
11. यह कि संस्था के संचालन हेतु आवश्यक शैक्षिक स्टाफ की तैनाती सोसाइटी/ट्रस्ट द्वारा सत्र प्रारम्भ के पूर्व कर लिया गया है।
12. यह कि शासन/परिषद द्वारा निर्गत निर्देशों/आदेशों का भलीभाँति पालन करुँगा। यदि मेरे संस्थान में किसी भी समय स्थलीय निरीक्षण में मानकानुसार कोई भी कमी पायी जाती है तो परिषद की निरीक्षण एवं सम्बद्धता समिति द्वारा लिया गया निर्णय अंतिम होगा एवं मुझे मान्य होगा। इस हेतु मेरे द्वारा कोई विधिक कार्यवाही नहीं की जाएगी।
13. मैं घोषणा करता/करती हूँ कि मेरे द्वारा दी गयी उपरोक्त सूचना मेरी निजी जानकारी में पूर्ण रुप से सत्य है। यदि दी गयी जानकारी एवं अभिलेख/दस्तावेज फर्जी, कूटरचित अथवा त्रुटिपूर्ण पाये जाते हैं तो मेरे विरुद्ध परिषद द्वारा नियमानुसार कानून संगत कार्यवाही की जा सकेगी। ऐसी की गयी विधिक कार्यवाही हेतु मैं स्वयं उत्तरदायी होऊँगा।

NOTARY
PHEKAN RAM
Advocate/Notary
Tehsil H.Q. Saidpur
Distt. Ghazipur (U.P.)
Regd. No. 26730/08
Exp. Dt. 18-11-2023
GOVT. OF U.P.

ह0 उपाध्यक्ष

ह0 अध्यक्ष

30/8/2023

30/8/2023

NOTARY

PHEKAN RAM

Regd. No

GOVT. OF U.P.

30/8/2023